# पूर्वोत्तर रेलवे

## ''वाराणसी मण्डल के मऊ स्टेशन के वाणिज्य विभाग के कर्मचारी संख्या की समीक्षा''विषय पर कार्याध्ययन

द्वारा

कार्य कुशलता संगठन
पूर्वोत्तर रेलवे
गोरखपुर

कार्याध्ययन सं0 – एन0ई0 / 21 / 2020–21

मिसिल संख्या – प्र / 560 / 1 / 2020–21 / 21

*******

# अधिशासकीय सार

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | क्रम संख्या | – | 21 |
| 2. | कार्याध्ययन संख्या | – | एन0ई0 / 21 / 2020–21 |
| 3. | मिसिल संख्या | – | प्र / 560 / 1 / 2020–21 / 21 |
| 4. | विषय | – | **''वाराणसी मण्डल के मऊ स्टेशन के वाणिज्य विभाग के कर्मचारी संख्या की समीक्षा'' ।** |
| 5. | विभाग | – | वाणिज्य |
| 6. | प्राधिकार | – | वउमप्र0 महोदय, द्वारा वर्ष 2020–21 की अनुमोदित कार्याध्ययन सूची। |
| 7. | संदर्भित सीमायें:– | (1) | मऊ स्टेशन के वाणिज्य विभाग के कार्यरत कर्मचारियों द्वारा निष्पादित किये जा रहे कार्यभार का विवरण प्राप्त करना। |
| | | (2) | कार्यभार के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक कर्मचारी संख्या का ऑकलन करना। |
| | | (3) | आवश्यकता से अधिक पाये गये सरप्लस पदो को अभ्यर्पित करने हेतु संस्तुति प्रदान करना। |
| 8. | कार्याध्ययन में लिये गये पदों की संख्या | – | 44 |
| 9. | संस्तुति सारांश एवं सुझााव | – | परिशिष्ट– II पर |
| 10. | अभ्यर्पण हेतु प्रस्तावित पदों की संख्या | – | 11 पद (ग्रुप ''सी'' + ''डी'') |
| 11. | वित्तीय बचत | – | **रू0 01.05 करोड** प्रति वर्ष |
| 12. | वितरण तिथि | – | मार्च / 2021 |

*****

## अनुक्रमणिका


| क्रम सं0 | विवरण | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | आभार | I |
| 2. | संस्तुतियाँ | II |
| 3. | वित्तीय परिणाम | III |
| 4. | **अध्याय– प्रथम** | **1** |
| | प्रस्तावना एवं संदर्भित सीमायें । | |
| 5. | **अध्याय– द्वितीय** | **2–6** |
| | मऊ स्टेशन के कर्मचारियों की स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या का विवरण व विभिन्न बिन्दुओं पर कार्यभार :– | |
| 6. | **अध्याय– तृतीय** | **7–9** |
| | मऊ स्टेशन के कार्यभार का आलोचनात्मक विश्लेषण एवं आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन | |


*******

## आभार

कार्याध्ययन दल श्री वी0 के0 पंजियार , मंडल रेल प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी, के प्रति विशेष रूप से आभारी है, जिन्होंने कार्याध्ययन के सफल सम्पादन हेतु अपना बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल श्री संजीव शर्मा, वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, वाराणसी के प्रति गहन आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन के दौरान अपना बहुमूल्य समय प्रदान किया।

कार्याध्ययन दल मऊ स्टेशन के वाणिज्य विभाग के पर्यवेक्षकों एवं कर्मचारियों के प्रति भी अपना आभार व्यक्त करता है, जिन्होंने कार्याध्ययन संबंधित वॉछित सूचनायें एवं ऑकडे उपलब्ध कराने में अपना पूर्ण सहयोग प्रदान किया।

*******

## (II)

## संस्तुति सारांश

| क्र0सं0 | संस्तुति | मद सं0 |
|---|---|---|
| 1. | यह संस्तुति की जाती है कि वाराणसी मंडल के मऊ स्टेशन के वाणिज्य विभाग के (ग्रुप ''सी''+ ग्रुप ''डी'') 11 पद, जो आवश्यकता एवं कार्यभार से अधिक हैं, एवं रिक्त चल रहे हैं, को अतिशीघ्र अभ्यर्पित किया जाये। | 3.10 |

*******

## वित्तीय परिणाम

कार्याध्ययन में की गयी संस्तुतियों के क्रियान्वयन के फलस्वरूप रेल प्रशासन को होने वाली अनुमानित वार्षिक बचत के आंकलन निम्नवत् हैः–

| पदनाम | मध्य ग्रेड पे | पदों की संख्या | औसत मूल्य प्रति पद प्रति माह (रू0 में) | औसत मूल्य प्रति माह (रू0 में) | वार्षिक आवर्ती बचत(रू0 में) |
|---|---|---|---|---|---|
| ग्रुप ''सी'' एवं ग्रुप ''डी'' | 2000 | 11 | 79613 | 875743 | 10508916 |

**अतः रेल राजस्व की कुल आवर्ती वार्षिक बचत रू0 एक करोड पांच लाख आठ हजार नौ सौ सोलह मात्र।**

*******

# अध्याय– प्रथम

## 1.0 प्रस्तावना, तथा संदर्भित सीमायें :–

**1.1** भारतीय रेल देश का सबसे बड़ा औद्योगिक प्रतिष्ठान है इसके सफल संचालन का कार्य कई विभागों के सम्मिलित प्रयास एवं सक्रिय भागीदारी से होता है।

**1.2** वाणिज्य विभाग रेलवे का अति महत्वपूर्ण एवं यातायात के सफल सम्पादन में अपना सीधा सहयोग प्रदान करता है। इसलिए अन्य बड़े औद्योगिक संस्थानों की भॉति रेलवे में भी रेल संचलन तथा उसके रखरखाव में आधुनिक तकनीक का प्रयोग प्रारम्भ कर दिया गया है।

**1.3** इस परिप्रेक्ष्य में रेल प्रशासन द्वारा अपने विभिन्न अनुभागों में कार्य करने वाले कर्मचारियों की आवश्यकता पर वर्तमान कार्यभार के परिप्रेक्ष्य में निरन्तर कार्याध्ययन कराया जा रहा है।

उपरोक्त सन्दर्भ में वरिष्ठ उप महाप्रबन्धक महोदय द्वारा वर्ष 2020–21 के कार्याध्ययन सूची में ''वाराणसी मंडल के मऊ स्टेशन के वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों की संख्या की समीक्षा'' को सम्मिलित करने हेतु निर्देशित एवं अनुमोदन प्रदान किया है।निम्नलिखित संदर्भित सीमाओं के अन्तर्गत वार्णित कार्याध्ययन को सम्पादित किया गया।

(1) मऊ स्टेशन के वाणिज्य विभाग के कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा निष्पादित किये जा रहे कार्यभार का विवरण प्राप्त करना।

(2) कार्यभार के परिप्रेक्ष्य में आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन करना।

(3) आवश्यकता से अधिक सरप्लस पदों को अभ्यर्पण हेतु संस्तुति प्रदान करना।

*********

## अध्याय द्वितीय

**2.0 मऊ स्टेशन के कर्मचारियों की स्वीकृत एवं वास्तविक संख्या का विवरण व विभिन्न बिन्दुओं पर कार्यभार :–**

**2.1** मऊ स्टेशन के वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों की स्वीकृत, वास्तविक संख्या एवं रिक्तियों का विवरण (बी0ओ0एस0 01.04.2020)

| क्र. सं. | संवर्ग | 7th CPC Level | ग्रेड – पे | स्वीकृत | वास्तविक सं. | रिक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | वाणिज्य अधीक्षक | L-7 | 4600 | 05 | 03 | 02 |
| 2 | मुख्य वाणिजय लिपिक | L-6 | 4200 | 15 | 10 | 05 |
| 3 | प्रवर वाणिजय लिपिक | L-5 | 2800 | 06 | 03 | 03 |
| 4 | वाणिज्य लिपिक | L-3 | 2000 | 00 | 01 | (-)1 |
| 5 | सीनियर टी.ई. | L-4 | 2400 | 02 | 02 | 00 |
| 6 | टी.ई. | L-2 | 1900 | 06 | 01 | 05 |
| 7 | हम्माल | L-1 | 1800 | 06 | 04 | 02 |
| 8 | वेटिंगरूम बेयरा/आया | L-1 | 1800 | 03 | 03 | 00 |
| 9 | सफाईवाला | L-1 | 1800 | 01 | 00 | 01 |
| | **योग** | | | **44** | **27** | **17** |

**नोट** :– वाणिज्य अधीक्षक/मुख्य वाणिज्य लिपिक/प्रवर वाणिज्य लिपिक द्वारा ही पी आर.एस. संबंधित कार्य सम्पादित किया जा रहा है।

**2.2 <u>मऊ स्टेशन के विभिन्न कार्य बिन्दुओं पर कार्यभार</u> :–**

2.3 मऊ स्टेशन पर वाणिज्य विभाग की 06 कार्य बिन्दुओं को कार्याध्ययन के अन्तर्गत लिया गया है। जिनका विवरण निम्नवत् है :–

1. बुकिंग कार्यालय
2. पार्सल कार्यालय
3. ट्रान्जिट कार्यालय
4. आरक्षण कार्यालय
5. माल कार्यालय
6. सी.आई.टी. कार्यालय

2.3.1 **<u>बुकिंग कार्यालय</u>** :– इस स्टेशन पर यू.टी.एस के 05 काउन्टर हैं जिनमें से काउन्टर सं0 01 से ए.टी.वी.एम रिचार्ज एवं अन्य रिपोर्ट सम्बंधी कार्य किये जाते हैं। सामान्यतः 02 काउन्टर ही टिकट वितरण के लिये प्रयोग में लाये जाते हैं। इसके अतरिक्त 05 ए.टी.वी.एम इस स्टेशन पर लगाये गये हैं। इस कार्यालय का कार्यकाल निम्नवत् है :–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 00.00 बजे | – | 08.00 बजे | – | 02 काउन्टर |
| 08.00 बजे | – | 16.00 बजे | – | 02 काउन्टर |
| 16.00 बजे | – | 24.00 बजे | – | 02 काउन्टर |

**<u>बुकिंग कार्यालय का कार्यभार (अप्रैल/2019 से फरवरी/2021 तक)</u>** :–

| माह | 2019–20 | | माह | 2020–21 | |
|---|---|---|---|---|---|
| | यात्रियों की संख्या | आय | | यात्रियों की संख्या | आय |
| अप्रैल/19 | 279589 | 19141273 | अप्रैल/20 | - | - |
| मई/19 | 281559 | 20455732 | मई/20 | - | - |
| जून/19 | 334004 | 29107743 | जून/20 | | 184167 |
| जुलाई/19 | 281401 | 20946448 | जुलाई/20 | | 52632 |
| अगस्त/19 | 290646 | 19994431 | अगस्त/20 | | 636479 |
| सितम्बर/19 | 255286 | 15666306 | सितम्बर/20 | | 316249 |
| अक्टूबर/19 | 280327 | 16418783 | अक्टूबर/20 | | 1164650 |
| नवम्बर/19 | 305644 | 23462361 | नवम्बर/20 | | 1346039 |
| दिसम्बर/19 | 258523 | 21416013 | दिसम्बर/20 | | 2816688 |
| जनवरी/20 | 249460 | 16751929 | जनवरी/21 | | 3969066 |
| फरवरी/20 | 256443 | 17494032 | फरवरी/21 | | 3949827 |
| मार्च/20 | 186655 | 17509992 | मार्च/21 | | - |
| योग | **3259537** | **238365043** | | | **14435797*** |
| औसत प्रति माह | 271629 | 19863754 | *this is misc. receipt not from passenger earning | | |
| औसत प्रति दिन | 9055 | 662125 | | | |

2.3.2 **<u>पार्सल कार्यालय एवं ट्रान्सिट सहित</u>** :—

आउटवर्ड एवं आवक पार्सल परिदान — 7 बजे से 17 बजे तक
ट्रान्जिट पार्सल हेतु 02 पाली, समय 06.00 बजे से 18.00 बजे तक एवम समय 18.00 बजे से 06.00 बजे तक

**<u>पार्सल कार्यालय के कार्यभार का विवरण (अप्रैल/2019 से फरवरी/2021 तक)</u>** :—

| | 2019—20 | | 2020—21 | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | भार (कु0 में) | आय | भार (कु0 में) | भार (कु0 में) | आय |
| अप्रैल/19 | 3235 | 972002 | अप्रैल/20 | - | - |
| मई/19 | 2109 | 547347 | मई/20 | - | - |
| जून/19 | 1647 | 395894 | जून/20 | 209 | 63158 |
| जुलाई/19 | 2046 | 450395 | जुलाई/20 | 124 | 34054 |
| अगस्त/19 | 2400 | 693989 | अगस्त/20 | 139 | 47091 |
| सितम्बर/19 | 1984 | 666922 | सितम्बर/20 | 312 | 116945 |
| अक्टूबर/19 | 3044 | 945941 | अक्टूबर/20 | 1002 | 399671 |
| नवम्बर/19 | 2514 | 632696 | नवम्बर/20 | 1898 | 803160 |
| दिसम्बर/19 | 2000 | 496174 | दिसम्बर/20 | 2315 | 930229 |
| जनवरी/20 | 2603 | 667280 | जनवरी/21 | 1837 | 739076 |
| फरवरी/20 | 2394 | 548449 | फरवरी/21 | 1863 | 725718 |
| मार्च/20 | 1244 | 322233 | मार्च/21 | _ | _ |
| योग | **27220** | **7339322** | | **9699** | **3859102** |
| औसत प्रति माह | 2269 | 611610 | | 1078 | 428789 |
| औसत प्रति दिन | 76 | 20387 | | 36 | 14293 |

मुख्य आवक :— कपडा, धागा, इलेक्ट्रीकल सामान।
मुख्य जावक :— हैन्डलू साडी, मानव बाल इत्यादि।

2.3.3 **आरक्षण कार्यालय** :–

पाली समय 08.00 बजे से 14.00 बजे – 02 काउन्टर

14.00 बजे से 20.00 बजे – 02 काउन्टर

**आरक्षण कार्यालय के कार्यभार का विवरण (अप्रैल/2019 से फरवरी/2021 तक)** :–

| माह | 2019–20 | | | माह | 2020–21 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | मॉग पत्रों की संख्या | यात्रियों की संख्या | आय | | मॉग पत्रों की संख्या | यात्रियों की संख्या | आय |
| अप्रैल/19 | 11124 | 17229 | 8918505 | अप्रैल/20 | - | - | - |
| मई/19 | 11987 | 18369 | 10535245 | मई/20 | 226 | 256 | 167140 |
| जून/19 | 14266 | 22486 | 12916765 | जून/20 | 8174 | 2196 | 1413340 |
| जुलाई/19 | 13441 | 21448 | 11091945 | जुलाई/20 | 4117 | 2369 | 1733245 |
| अगस्त/19 | 11817 | 17905 | 8829250 | अगस्त/20 | 3659 | 4126 | 3109235 |
| सितम्बर/19 | 9972 | 15829 | 7477715 | सितम्बर/20 | 4742 | 6783 | 3540320 |
| अक्टूबर/19 | 10202 | 14936 | 6858840 | अक्टूबर/20 | 6101 | 9679 | 3948460 |
| नवम्बर/19 | 12335 | 18409 | 9558290 | नवम्बर/20 | 6000 | 9053 | 2947440 |
| दिसम्बर/19 | 12293 | 18575 | 10023185 | दिसम्बर/20 | 8559 | 13146 | 5613065 |
| जनवरी/20 | 11137 | 17472 | 9309515 | जनवरी/21 | 11358 | 17266 | 5878235 |
| फरवरी/20 | 10964 | 17502 | 8986535 | फरवरी/21 | 12427 | 20477 | 5804765 |
| मार्च/20 | 9080 | 11636 | 6071080 | मार्च/21 | - | - | - |
| योग | **138618** | **211796** | **110576870** | | **65363** | **85351** | **34155245** |
| औसत प्रति माह | 11552 | 17650 | 9214739 | | 6536 | 8535 | 3415525 |
| औसत प्रति दिन | 385 | 588 | 307158 | | 218 | 285 | 113851 |

2.3.4 **माल कार्यालय** :–

पाली समय 06.00 बजे से 14.00 बजे

14.00 बजे से 22.00 बजे

**माल कार्यालय के कार्यभार का विवरण (अप्रैल/2019 से फरवरी/2021 तक)**:–

| माह | 2019–20 | | | माह | 2020–21 | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | बैगनों की सं. | वजन (कु0) | आय (रु) | | बैगनों की सं. | ज्ञ | आय |
| अप्रैल/19 | 762 | 45057 | 49893656 | अप्रैल/20 | 189 | 11856 | 8141295 |
| मई/19 | 659 | 38320 | 30169272 | मई/20 | 331 | 22377 | 15686289 |
| जून/19 | 652 | 37931 | 35496943 | जून/20 | 743 | 46475 | 43800865 |
| जुलाई/19 | 637 | 35824 | 31412569 | जुलाई/20 | 604 | 35860 | 52707623 |
| अगस्त/19 | 620 | 34895 | 27586344 | अगस्त/20 | 607 | 37047 | 36753612 |
| सितम्बर/19 | 567 | 24136 | 22910741 | सितम्बर/20 | 715 | 44413 | 55442042 |
| अक्टूबर/19 | 352 | 14418 | 12204319 | अक्टूबर/20 | 677 | 41292 | 39512626 |
| नवम्बर/19 | 720 | 42925 | 44279307 | नवम्बर/20 | 575 | 36153 | 33600537 |
| दिसम्बर/19 | 546 | 25821 | 21626514 | दिसम्बर/20 | 383 | 23826 | 29199020 |
| जनवरी/20 | 630 | 30481 | 30081983 | जनवरी/21 | 476 | 30006 | 31964741 |
| फरवरी/20 | 714 | 33393 | 33106875 | फरवरी/21 | 472 | 30271 | 22796959 |
| मार्च/20 | 622 | 31874 | 28384922 | मार्च/21 | - | - | |
| योग | **7481** | **395075** | **367153445** | | **5772** | **359576** | **369605609** |
| औसत/माह | 623 | 32923 | 30596120 | | 525 | 32689 | 33600509 |
| औसत/दिन | 21 | 1097 | 1019870 | | 17 | 1089 | 1120017 |

**मुख्य आवक** :– सीमेण्ट, उर्वरक, अनाज (एफ.सी.आई.)

2.3.5 **<u>सी.आई.टी. कार्यालय</u>** :–

पूछताक्ष कार्यालय प्रतिपाली 08 घंटे की
गेट प्रबन्धन प्रतिपाली 12 घंटे की

**<u>सी.आई.टी. कार्यालय का कार्यभार</u>** :–

| Month | HPC | | UBL | | NPC | | Total Amount |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | No. of Cases | Amount (Rs.) | No. of Cases | Amount (Rs.) | No. of Cases | Amount (Rs.) | |
| अप्रैल/20 | - | - | - | - | - | - | - |
| मई/20 | - | - | - | - | - | - | - |
| जून/20 | - | - | - | - | - | - | - |
| जुलाई/20 | - | - | - | - | - | - | - |
| अगस्त/20 | - | - | - | - | - | - | - |
| सितम्बर/20 | - | - | - | - | - | - | - |
| अक्टूबर/20 | - | - | - | - | - | - | - |
| नवम्बर/20 | - | - | - | - | - | - | - |
| दिसम्बर/20 | - | 740 | - | - | - | - | 740 |
| जनवरी/21 | - | 910 | - | - | - | - | 910 |
| फरवरी/21 | - | - | - | - | - | - | - |
| मार्च/21 | - | - | - | - | - | - | - |
| योग | - | **1650** | - | - | - | - | **1650** |

## <u>अध्याय तृतीय</u>

### 3.0 <u>मऊ स्टेशन के कार्यभार का आलोचनात्मक विश्लेषण एवं आवश्यक कर्मचारी संख्या का आंकलन</u> :–

3.1 **<u>बुकिंग कार्यालय हेतु (ग्रुप ''सी'' कर्मचारी की आवश्यकता)</u>** :– बुकिंग कार्यालय निम्न पालियों निम्नवत् काउन्टर सं. संचालित हो रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| 00 बजे से 08 बजे तक | – | 02 काउन्टर |
| 08 बजे से 16बजे तक | – | 02 काउन्टर |
| 16 बजे से 24 बजे तक | – | 02 काउन्टर |

मऊ स्टेशन पर पॉच एम.टी.वी.एम. मशीन लगी हुई है जिस हेतु 06 फेसिलीटेटर दिये गये है।

इसके अतिरिक्त एक कर्मचारी टिकट स्टाकिंग हेतु जो Money receipt, Gen mony Reciept, Soldier TKI Book एवं Indent संबंधित कार्य सम्पन्न करते है इसके अतिरिक्त कैश को बैंक को Madeorer एवं CR Note भरने हेतु 01 कर्मचारी और प्रस्तावित किया जाता है।

इस प्रकार बुकिंग कार्यालय संबंधित कार्य हेतु प्रति दिन कुल कर्मचारियों की बेयर आवश्यकता = 07 कर्मचारी प्रस्तावित किये जाते हैं।

3.2 **<u>पार्सल एवं ट्रान्जिट कार्य हेतु कर्मचारियों (ग्रुप ''सी'') की आवश्यकता</u>** :– मऊ स्टेशन पर आउटवर्ड पार्सल बुकिंग/आवक पार्सल परिदान हेतु संचालित पाली 07 बजे से 17 बजे तक का है। पार्सल ट्रान्जिट कार्य हेतु 06.00 से 18.00 बजे प्रथम पाली व 18.00 बजे से 06.00 बजे तक द्वितीय पाली संचालित हो रहा है तथा प्रत्येक पाली में ग्रुप ''सी'' का एक कर्मचारी प्रस्तावित किये जाते हैं। इस प्रकार प्रति दिन कुल 03 कर्मचारियों की बेयर आवश्यकता होगी। मऊ स्टेशन पर मुख्य आवक होजरी,कपड़ा, धागा, इलेक्ट्रिक सामान,मनिहारी का सामान तथा मुख्य जावक पार्सल मोटरसाइकिल, हार्डबेयर ,हैण्डलूम साडी तथा मानव बाल है।

3.3 **<u>आरक्षण कार्यालय हेतु कर्मचारियों (ग्रुप ''सी'') की आवश्यकता</u>** :– मऊ स्टेशन पर आरक्षण कार्यालय दो पालियों में संचालित हो रहा है।

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पाली 08.00 बजे से 14.00 बजे तक | – | 02 काउन्टर |
| द्वितीय पाली 14.00 बजे से 20.00 बजे तक | – | 02 काउन्टर |

इस प्रकार प्रति दिन 04 कर्मचारियों की बेयर आवश्यकता प्रस्तावित किये जाते हैं।

3.4 **मालगोदाम कार्यालय हेतु कर्मचारियों (ग्रुप ''सी'') की आवश्यकता** :—

पाली समय 06.00 बजे से 14.00 बजे प्रथम पाली
14.00 बजे से 22.00 बजे द्वितीय पाली

इस प्रकार मात्र 02 कर्मचारियों की इस कार्यालय हेतु बेयर प्रस्तावित किये जाते हैं। मुख्य आवक सीमेंट, उर्वरक एवं अनाज (एफ.सी.आई.) है ।

3.5 **सीआईटी कार्यालय ग्रुप ''सी'' कर्मचारियों की आवश्यकता** :— पूछताछ कार्यालय हेतु 8 घंटे की पाली संचालित हो रही है। यानी

08.00 बजे से 16.00 बजे तक प्रथम पाली
16.00 बजे से 00.00 बजे तक द्वितीय पाली
00.00 बजे से 08.00 बजे तक तृतीय पाली

गेट प्रबध हेतु 12—12 घंटे की पाली संचालित हो रही है
06.00 बजे से 18.00 बजे तक प्रथम पाली
18.00 बजे से 06.00 बजे तक द्वितीय पाली

इस प्रकार 04 कर्मचारियों की कुल बेयर आवश्यकता प्रस्तावित किये जाते हैं। 00.00 बजे से 08.00 बजे तक की पाली में पूछताछ का कार्य पाली गेट प्रबधन र्कमचारी द्वारा प्रस्तावित किया जाता है।

## 3.6 मऊ स्टेशन पर ग्रुप ''सी'' कर्मचारियों की कुल आवश्यकता

| | | |
|---|---|---|
| बुकिंग कार्यालय हेतु | — | 07 कर्मचारी |
| पार्सल एवं ट्रान्जिट हेतु | — | 03 कर्मचारी |
| आरक्षण कार्यालय हेतु | — | 04 कर्मचारी |
| मालगोदाम हेतु | — | 02 कर्मचारी |
| सी.आई.टी. कार्यालय | — | 04 कर्मचारी |
| पर्यवेक्षक | — | 01 कर्मचारी |
| योग | — | 21 कर्मचारी |
| विश्रामदाता | — | 04 कर्मचारी |
| कुल योग | — | 25 कर्मचारी |

## 3.7 मऊ स्टेशन पर विभिन्न कार्यों हेतु ग्रुप ''डी'' कर्मचारियों की आवश्यकता

3.7.1 **हम्माल** :— 12—12 घंटे की दो पाली हेतु प्रतिपाली 02 हम्माल की आवश्यकता उचित होगी। इस प्रकार कुल 04 कर्मचारियों की आवश्यकता प्रस्तावित किये जाते हैं।

3.7.2 **वेटिग रूम वियरर/आया** :— रिटायरिंग/डारमेट्री एक ही जगह स्थापित होने के कारण 12—12 घंटे की 02 पाली हेतु प्रतिपाली 01 कर्मचारी, विश्रामदाता/अवकाशदाता सहित कुल 03 कर्मचारियों की प्रस्तावित किये जाते हैं।

3.7.3 **सफाईवाला** :— सभी कार्यालयों की सफाई हेतु 01 सफाई वाला कर्मचारियों की आवश्यकता प्रस्तावित किये जाते हैं।

3.8 **मऊ स्टेशन के वाणिज्य विभाग के कर्मचारियों की बिन्दुवार प्रस्तावित संख्या का विवरण** :–

| **क्र. सं.** | **कार्यबिन्दु का विवरण** | **प्रस्तावित सं.** | **सम्बंधित पैरा** |
|---|---|---|---|
| 1 | बुकिंग कार्यालय हेतु वाणिज्य अधी./मु. वाणिज्य लिपिक/प्रवर वाणिज्य लिपिक/ वाणिज्य लिपिक | 25 | 3.1 |
| 2 | पार्सल एवं ट्रान्जिट कार्य हेतु | | 3.2 |
| 3 | आरक्षण कार्यालय हेतु | | 3.3 |
| 4 | मालगोदाम कार्यालय हेतु | | 3.4 |
| 5 | सीआईटी कार्यालय हेतु | | 3.5 |
| 6 | हम्माल | 4 | 3.7.1 |
| 7 | वेटिंग वियरर/आया | 3 | 3.7.2 |
| 8 | सफाईवाला | 1 | 3.7.3 |
| | **योग** | **33** | |

**3.9** **मऊ स्टेशन के स्वीकृत एवं प्रस्तावित पदों की समरी :–**

| **स्वीकृत संख्या** | **प्रस्तावित संख्या** | **सरप्लस** |
|---|---|---|
| 44 | 33 | 11 |

**3.10**. **संस्तुति** :–

**यह संस्तुति की जाती है कि वाराणसी मंडल के मऊ स्टेशन के वाणिज्य विभाग के (ग्रुप ''सी''+ ग्रुप ''डी'') 11 पद, जो आवश्यकता एवं कार्यभार से अधिक हैं, एवं रिक्त चल रहे हैं, को अतिशीघ्र अभ्यर्पित किया जाये।**

*********